पंजाब केसरी 23/07/25

# जी.एम.एन. कॉलेज के हर विद्यार्थी को मिलेगा आर्टिफिशिअल इंटैलीजैंस का ज्ञान : डा. रोहित

अम्बाला, 22 जुलाई (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ पारंपरिक और आध्यात्मिक वातावरण में किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में वैदिक रीति से हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने की। हवन के दौरान वेद-मंत्रों के उच्चारण और विधिवत अनुष्ठान से पूरे परिसर में शुद्ध एवं भक्तिमय वातावरण बना रहा।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अपने संदेश में कहा कि हवन भारतीय संस्कृति की एक पवित्र परंपरा है, जो न केवल आध्यात्मिक शुद्धि, बल्कि सामूहिक मंगलकामना का भी प्रतीक है। ऐसे आयोजन छात्रों में नैतिक मूल्यों के साथ-साथ एकजुटता, अनुशासन और सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करते हैं। 77 वर्षों से अधिक की विरासत के साथ जी.एम.एन. कॉलेज ने खुद को उच्च शिक्षा के एक प्रमुख संस्थान के रूप में स्थापित किया है। कॉलेज बदलते समय के साथ विकसित होता जा रहा है, उद्योग और समाज के लिए प्रासंगिक पाठ्यक्रम और कार्यक्रम पेश कर रहा है।

डा. रोहित दत्त ने कहा कि गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक (यू.जी.) पाठ्यक्रमों में दाखिले की ऑफलाइन प्रक्रिया आरंभ है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप कॉलेज प्रशासन ने प्रवेश संबंधी विस्तृत कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इच्छुक विद्यार्थी 24 जुलाई 2025 तक कॉलेज की उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण अपने स्तर पर व कॉलेज में आकर भी कर सकते हैं। जी.एम.एन. कॉलेज में चाहे आर्ट्स, कॉमर्स या साइंस का विद्यार्थी हो, हर विद्यार्थी को आर्टिफिशल इंटैलीजैंस का बुनियादी ज्ञान दिया जाएगा।



*गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में वैदिक हवन में भाग लेते प्राचार्य डा. रोहित दत्त।* (चंद्रमोहन)

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि इस वर्ष छात्रों की रुचि पारंपरिक विषयों के साथ-साथ व्यावसायिक और प्रोफैशनल कोर्सों जैसे की बी.सी.ए. एवं बी.बी.ए. में भी बढ़ी है। जी.एम.एन. कॉलेज हर कोर्स को संबंधित इंडस्ट्री के साथ जोड़ने के कारण विद्यार्थियों की पहली पसंद बनता जा रहा है। कॉलेज में ऐसे पाठ्यक्रम भी शुरू कर रहे हैं, जो छात्रों को रोजगार की दृष्टि से बेहतर अवसर प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि कॉलेज में विभिन्न विषयों में कुल 950 सीटें हैं, जिनमें जी.एम.एन. कॉलेज क्षेत्र का एकमात्र संस्थान है जो यू.पी.एस.सी. प्रमुख विषयों जैसे पॉलिटिकल साइंस, सोशियोलॉजी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, हिस्ट्री में शिक्षा प्रदान कर रहा हैं, जिससे छात्रों को डिग्री के साथ-साथ सिविल सेवाओं की तैयारी करने व करियर बनाने का अवसर मिलता है।